भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4679

20 मार्च, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत आयुष स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्र

4679. श्री करण भूषण सिंह:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तथा विशेषकर गोंडा और बहराइच जिलों सहित जिला-वार सहायता प्राप्त आयुष स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्रों, जिन्हें अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर-आयुष के रूप में नामित किया गया है, का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सार्वजनिक डैशबोर्ड पर जियो-टैग की गई वास्तविक समय की स्थिति (रियल-टाइम स्टेटस) उपलब्ध है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या आयुष्मान आरोग्य मंदिर के जिला-वार आंकड़ों की अनुपलब्धता गोंडा और बहराइच जैसे अल्प-सेवित जिलों में लक्षित व्याप्ति को रोकती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) इस संबंध में सरकार द्वारा मानकीकृत जिला-स्तरीय निगरानी तंत्र के माध्यम से उक्त समस्या का समाधान करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ङ) क्या सरकार का जून 2026 तक आयुष्मान आरोग्य मंदिर ट्रैकिंग सहित राष्ट्रीय आयुष मिशन के सभी घटकों के लिए एक एकीकृत जिला-वार डिजिटल पोर्टल शुरू करने का विचार है और यदि हां, तो कार्यात्मक स्थिति, जनशक्ति और दवाओं की उपलब्धता की जियो-मैपिंग की समय-सीमा और विशेषताओं सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): आयुष मंत्रालय, उत्तर प्रदेश सहित देश में आयुष पद्धति के समग्र विकास और संवर्धन के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना को कार्यान्वित कर रहा है। एनएएम के तहत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से उनके द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों के सापेक्ष एनएएम दिशानिर्देशों के प्रावधान के अनुसार विभिन्न गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

एनएएम के तहत, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, उत्तर प्रदेश सहित 12500 आयुष औषधालयों और स्वास्थ्य उप-केंद्रों को आयुष स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों के रूप में उन्नत किया गया है जिन्हें अब आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (आयुष) के रूप में जाना जाता है। उपर्युक्त में से, गोंडा जिले के 11 और बहराइच जिले के 18 एएएम (आयुष) सहित, आयुष औषधायों को उन्नत करके बनाए गए 1034 एएएम (आयुष) को सहायता दी गई है और सूचना के अनुसार सभी कार्यशील

हैं। इसके अलावा, अनुमोदित एएएम (आयुष) की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची **संलग्नक-I** पर दी गई है, और उत्तर प्रदेश में एएएम (आयुष) की जिला-वार सूची **संलग्नक-II** पर दी गई है।

(ख): "जी नहीं"।

(ग) और (घ): सार्वजनिक स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, अल्प-सेवित जिलों में लक्षित व्याप्ति की निगरानी और लक्षित व्याप्ति की जिला-स्तरीय निगरानी के लिए कदम उठाने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकार की है। उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, विभिन्न पोर्टलों नामत: आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम), मुख्यमंत्री सूचना प्रणाली पोर्टल (सीएमआईएस), पीएम गति शक्ति पोर्टल और आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली (एईबीएएस) के माध्यम से जिला-वार डाटा का रख-रखाव किया जा रहा है।

(ङ): राज्य वार्षिक कार्य योजना (एसएएपी) प्रस्तुत करने और सुविधाओं की जानकारी के प्रावधान के साथ एक राष्ट्रीय आयुष मिशन पोर्टल मौजूद है।

*****

संलग्नक-I

स्वीकृत एएएम (आयुष) की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची

क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम**	**स्वीकृत इकाइयों की संख्या**
1	अंडमान और निकोबार आइलैंड	6
2	आंध्र प्रदेश	126
3	अरुणाचल प्रदेश	89
4	असम	500
5	बिहार	294
6	चंडीगढ़	12
7	छतीसगढ़	400
8	दिल्ली	0
9	दादरा नगर हवेली और दमन दीव	1
10	गोवा	100
11	गुजरात	365
12	हरियाणा	538
13	हिमाचल प्रदेश	761
14	जम्मू और कश्मीर	523
15	झारखंड	745
16	कर्नाटक	376
17	केरल	700
18	लद्दाख	0
19	लक्षद्वीप	7
20	मध्य प्रदेश	800
21	महाराष्ट्र	390
22	मणिपुर	15
24	मेघालय	24
24	मिजोरम	41
25	नागालैंड	49
26	ओडिशा	422
27	पुदुचेरी	4
28	पंजाब	158
29	राजस्थान	2019
30	सिक्किम	18
31	तमिलनाडु	650
32	तेलंगाना	421
33	त्रिपुरा	72
34	**उत्तर प्रदेश**	**1034**
35	उत्तराखंड	300
36	पश्चिम बंगाल	540
कुल		**12500**

संलग्नक-II

उत्तर प्रदेश में एएएम (आयुष) की जिला-वार सूची

क्र. सं.	जिला	कुल
1	आगरा	8
2	अलीगढ़	5
3	अंबेडकरनगर	7
4	अमेठी	12
5	अमरोहा	1
6	औरैया	3
7	अयोध्या	10
8	आजमगढ़	17
9	बदायूं	21
10	बागपत	2
11	**बहराइच**	**18**
12	बलिया	20
13	बलरामपुर	6
14	बांदा	12
15	बाराबंकी	24
16	बरेली	46
17	बस्ती	16
18	भदोही	11
19	बिजनौर	4
20	बुलंदशहर	11
21	चंदौली	19
22	चित्रकूट	5
23	देवरिया	15
24	एटा	6
25	इटावा	9
26	फरुखाबाद	15
27	फतेहपुर	14
28	फिरोजाबाद	3
29	गौतमबुद्धनगर	0
30	गाजियाबाद	17
31	गाजीपुर	10
32	**गोंडा**	**11**
33	गोरखपुर	31
34	हमीरपुर	7
35	हापुड़	14
36	हरदोई	33
37	हाथरस	3
38	जालौन	31
39	जौनपुर	21

40	झांसी	1
41	कन्नौज	10
42	कानपुर नगर	17
43	कानपुर देहात	8
44	कासगंज	5
45	कुशीनगर	35
46	कौशांबी	6
47	लखीमपुर खीरी	27
48	ललितपुर	20
49	लखनऊ	19
50	महाराजगंज	28
51	महोबा	8
52	मैनपुरी	11
53	मथुरा	7
54	मऊ	13
55	मेरठ	5
56	मिर्ज़ापुर	23
57	मुरादाबाद	3
58	मुज़फ़्फ़रनगर	13
59	पीलीभीत	29
60	प्रतापगढ़	21
61	प्रयागराज	17
62	रायबरेली	33
63	रामपुर	6
64	सहारनपुर	3
65	संभल	2
66	संत कबीर नगर	18
67	शाहजहांपुर	9
68	शामली	3
69	श्रावस्ती	9
70	सिद्धार्थनगर	13
71	सीतापुर	30
72	सोनभद्र	13
73	सुल्तानपुर	11
74	उन्नाव	28
75	वाराणसी	12
	कुल	**1034**